बल्लभगढ़ में 14 अक्तूबर को पूसा बासमती 1121 का भाव 3,520 रुपये प्रति क्विंटल दर्ज

सरकारी पोर्टल https://agmarknet.gov.in से प्राप्त आँकड़ों के अनुसार, 11-17 अक्तूबर के सप्ताह के दौरान, हरियाणा के फ़रीदाबाद ज़िले की बल्लभगढ़ मंडी में 14 अक्तूबर को बासमती की किस्म पूसा बासमती 1121 का भाव सबसे ऊँचा रहा जो कि 3,512 रुपये प्रति क्विंटल था।

पोर्टल के अनुसार सप्ताह के दौरान, पूसा बासमती 1121 का सबसे कम न्यूनतम भाव 1,960 रुपये प्रति क्विटंल पंजाब के फ़तेहगढ़ साहिब, फ़िरोज़पुर, गुरदासपुर और मुक्तसर ज़िलों में 19 बार दर्ज किया गया।

सप्ताह के दौरान, मध्य प्रदेश के एक, हरियाणा के तीन और पंजाब के सात ज़िलों से पूसा बासमती 1121 की मंडी कीमतें दर्ज की गईं। पंजाब और हरियाणा के पांच ज़िलों में नौ बार फसल की सामान्य कीमत 3,000 रुपये प्रति क्विंटल से अधिक रही।

पोर्टल पर दर्ज आंकड़ों के अनुसार, बासमती की जल्दी पकने वाली किस्म पूसा बासमती 1509 का सबसे अधिक भाव 3,450 रुपये प्रति क्विटंल पंजाब के पटियाला ज़िले की राजपुरा मंडी में 11 अक्तूबर को रहा। उस दिन मंडी में न्यूनतम भाव 3,100 रुपये प्रति क्विंटल था।

सप्ताह के दौरान, पूसा बासमती 1509 का भाव 3,000 रुपये प्रति क्विंटल के ऊपर पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के 13 ज़िलों में 54 बार रहा। यू पी के फ़िरोज़ाबाद ज़िले की शिकोहाबाद मंडी में इस जिनस का सबसे कम अधिकतम भाव 2,150 रुपये प्रति क्विंटल 16 अक्तूबर को दर्ज किया गया।

पोर्टल के आंकड़ों के अनुसार, 11-17 अक्तूबर के दौरान, बासमती की किस्म सुगंधा यू पी के आगरा, अलीगढ़, बुलंदशहर, ग़ाज़ियाबाद और हाथरस और एम पी के ग्वालियर ज़िलों में 1,900-3,040 रुपये प्रति क्विंटल को दायरे में बिकी। सप्ताह के दौरान, सुपर बासमती

किस्म यू पी के मोरादाबाद, मैनपुरी और गौतम बुद्ध नगर ज़िलों में 2,000-2,550 रुपये प्रति क्विंटल के दायरे में बिकी।